**स्वच्छ भारत अभियान** **दिनांक 24.01.2018**

**स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

## नवीन राशन कार्ड के लिए निगम लोक सेवा केन्द्र में आनलाईन सुविधा प्रारंभ।

**भिलाईनगर/** छ.ग.शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग मंत्रालय द्वारा निर्देश दिया गया है कि नगरीय निकायो द्वारा नागरिक सेवाएं संबंधी सुविधा उपलब्ध कराने हेतु लोक सेवा केन्द्र में आनलाईन करे।

इस निर्देश के तहत नगर पालिक निगम भिलाई में स्थापित लोक सेवा केन्द्र में केवल नवीन राशन कार्ड के लिए आनलाईन आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। किन्तु वर्तमान में राशन कार्ड में नाम जोडने/संशोधन एवं राशन कार्ड को पुनः चालु करने ,गुम राशन कार्ड को पुनः बनाये जाने इत्यादि सभी प्रकार के कार्य मेनवुल ही पूर्ववतः जोन कार्यालय से संचालित होगा। नये राशन कार्ड के लिए आनलाईन आवेदन करते समय छ.ग.खादय सुरक्षा पोषण अधिनियम 2016 के निहित प्रावधानो के तहत आवेदन सह घोषणा पत्र के साथ सभी अनिवार्य दस्तावेज जो मेनुवल राशन कार्ड नये बनाने के लिए हितग्राही प्रस्तुत करते है। वही दस्तावेज आनलाईन में प्रस्तुत करना होगा।

उक्त आशय की जानकारी सहायक नोडल अधिकारी ने दी।

**जन सम्पर्क विभाग**